No. of Printed Pages : 11 **BESC–134**

# BACHELOR OF ARTS (GENERAL) EDUCATION/ BACHELOR OF ARTS (MULTIDISCIPLINARY)

## [BAG (EDU)/BAM]

## Term-End Examination

## June, 2026

## BESC-134 : EDUCATION AS A PRACTICE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *Attempt questions as per instructions given in each Section.*

---

## Section—A

***Note :*** *Attempt any* ***two*** *questions from this Section in about* ***500*** *words each.* *2×20=40*

1. Explain the concept of action research. Describe the basic steps of conducting action research.

2. Discuss Sri Aurobindo's philosophy of integral education. In what ways 'Mirambika—The Free Progress School' was an innovative education ?

3. What is the concept of standard deviation ? Discuss its importance in data analysis.

Calculate standard deviation for the following distribution :

| Class Interval | Frequency |
|---|---|
| 0–10 | 5 |
| 10–20 | 7 |
| 20–30 | 8 |
| 30–40 | 11 |
| 40–50 | 9 |

4. Explain the concept of 'Inclusive Education'. What are the barriers to providing inclusive education in schools ? What are your suggestions to overcome them ?

## Section—B

***Note :*** *Attempt any* ***four*** *questions from this Section in about* ***250*** *words each. Each questions carries 12 marks.* *4×12=48*

5. Compare and contrast qualitative and quantitative research methods.
6. Describe the main characteristics of normal probability curve.
7. Explain the main purpose of dissemination of best practices. Give suitable examples.
8. Explain briefly the constitutional provisions related to education.
9. Why does a researcher need to undertake review of related literature ?
10. Describe the three pillars of HIAL and concept of 'Live Learning Labs'.

11. How are planning, executing and implementation of education policies as important as formation of the educational policies ? Explain.

## Section—C

***Note :*** *Attempt any **two** questions from this Section in about **125** words each. Each question carries 6 marks.* *2×6=12*

12. Discuss the concept of social exclusion with reference to persons with disabilities.

13. Explain the concept of 'Skewness'. Discuss its importance in data analysis.

14. Highlight the salient features of Right to Education Act, 2009.

15. Do you think that structured interview is the best technique of conducting an interview. Give arguments.

# BESC–134

## कला स्नातक (सामान्य) (शिक्षा) / कला स्नातक (बहुविषयक)

## [बी.ए.जी. (ई.डी.यू)/बी.ए.एम.]

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2026

## बी.ई.एस.सी.–134 : अभ्यास के रूप में शिक्षा

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

**नोट :** *प्रत्येक खण्ड में दिए गए निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

### खण्ड—अ

**नोट :** *इस खण्ड से किन्हीं* **दो** *प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग* ***500*** *शब्दों में) दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।*

*2×20=40*

1. क्रियात्मक–अनुसंधान (ऐक्शन रिसर्च) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। क्रियात्मक अनुसंधान सम्पादित करने के लिए आधारभूत सोपानों का वर्णन कीजिए।

2. श्री अरविन्द के समग्र/अनिवार्य शिक्षा (इन्टीग्रल एजूकेशन) के दर्शन की परिचर्चा कीजिए। 'मीरांबिका–द-फ्री प्रोग्रेस स्कूल' किस प्रकार एक नवाचारी शिक्षा थी ?

3. मानक-विचलन की अवधारणा क्या है ? दत्त-विश्लेषण में इसके महत्व की परिचर्चा कीजिए। निम्नलिखित बंटन के लिए मानक-विचलन की गणना कीजिए :

| **वर्ग-अन्तराल** | **बारम्बारता** |
|---|---|
| 0–10 | 5 |
| 10–20 | 7 |
| 20–30 | 8 |
| 30–40 | 11 |
| 40–50 | 9 |

4. 'समावेशी शिक्षा' की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। विद्यालयों में समावेशी शिक्षा प्रदान करने में कौन-से अवरोध हैं ? उन्हें दूर करने के लिए आपके क्या सुझाव हैं ?

## खण्ड—ब

***नोट :*** *इस खण्ड से किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग* ***250*** *शब्दों में) दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंकों का है।*

*4×12=48*

5. गुणात्मक एवं परिमाणात्मक (क्वांटिटेटिव) अनुसंधान विधियों में तुलना कीजिए एवं वैषम्य स्थापित कीजिए।

6. सामान्य सम्भाव्यता वक्र की मुख्य विशिष्टताओं का वर्णन कीजिए।

7. सर्वोत्तम व्यवहारों (बेस्ट प्रैक्टिसेज) के प्रसार के प्रमुख प्रयोजन की व्याख्या कीजिए। उपयुक्त उदाहरण दीजिए।

8. शिक्षा से सम्बन्धित संवैधानिक प्रावधानों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

9. एक अनुसंधानकर्ता को सम्बन्धित साहित्य के सर्वेक्षण की आवश्यकता क्यों होती है ?

10. एच.आई.ए.एल. (HIAL) के तीन स्तम्भों और 'जीवंत अधिगम प्रयोगशालाओं (लाइव–लर्निंग–लैब)' का वर्णन कीजिए।

11. शिक्षा नीतियों का नियोजन, निष्पादन/पालन (एक्सक्यूटिंग) और क्रियान्वयन किस प्रकार उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि शिक्षा–नीतियों का निर्माण ? व्याख्या कीजिए।

## खण्ड—स

***नोट :*** *इस खण्ड से किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग* ***125*** *शब्दों में) दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंकों का है।*

*2×6=12*

12. अशक्त व्यक्तियों के संदर्भ में सामाजिक अपवर्जन की अवधारणा की परिचर्चा कीजिए।

13. वैषम्य (स्क्यूनेस) (Skewness) की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। दत्त–विश्लेषण में इसके महत्व की परिचर्चा कीजिए।

14. शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की महत्वपूर्ण विशेषताओं को उजागर कीजिए।

15. क्या आप यह सोचते हैं कि संरचित साक्षात्कार (स्ट्रक्चर्ड इन्टरव्यू) साक्षात्कार लेने की सर्वोत्तम तकनीक है ? तर्क दीजिए।

× × × × ×